# आधार सेवाओं में रुकावट

## प्रलिम्सि के लयि:

आधार सेवाओं में रुकावट, भारतीय वशिषि्ट पहचान प्राधकिरण (UIDAI), वन-टाइम पासकोड, आधार सेवाओं का प्रबंधन

## मेन्स के लयि:

आधार सेवाओं में रुकावट, सरकारी नीतयिाँ और वभिनि्न क्षेत्रों में वकिास के लयि हस्तक्षेप और उनकी रूपरेखा और कार्यान्वयन से उत्पन्न होने वाले मुद्दे

स्रोत: द हदिू

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में भारतीय वशिषि्ट पहचान प्राधकिरण (UIDAI) ने खुलासा कयिा है कि वर्ष 2023 में आधार प्रमाणीकरण सेवाओं में अत्यधकि रुकावट आई थी, जसिसे आधार सेवाओं की वशि्वसनीयता को लेकर चिंता बढ़ गई है।

- **SMS द्वारा वन-टाइम पासकोड भेजने में देरी** हुई तथा **आधार सर्वर को** भी प्रमाणीकरण में 'रुक-रुक कर' तथा 'मामूली अस्थरिता' का सामना करना पड़ा। यह स्थिति सितिंबर 2023 तक पूरे वर्ष में **कई घंटों** तक रही, जो कुल 54 घंटे तथा 33 मनिट **की रुकावट** थी।

## आधार प्रमाणीकरण क्या है?

- **परचिय:**
  - आधार प्रमाणीकरण एक प्रक्रयिा है, **जसिके द्वारा आधार संख्या के साथ जनसांख्यकिीय** (जैसे- नाम, जन्म तथि, लगि आद) अथवा व्यक्ति की बायोमीट्रकि **सूचना** (फगिरप्रटि अथवा आइरसि) की जानकारी तथा इसके सत्यापन के लयि UIDAI के सेंट्रल आइडेंटटीिज़ डेटा रपिॉज़टिरी (CIDR) भेजी जाती है, UIDAI आधार संख्या के लयि प्रस्तुत उपलब्ध सूचना के आधार पर वविरण की शुद्धता या इसमें कमी आदि का पुष्टकिर्त्ता है।
    - आधार प्रमाणीकरण सेवाओं तक पहुँच प्राप्त करने के लयि आवश्यक है, जसिसे व्यक्तयिों को राशन अथवा सरकारी सेवाओं तक पहुँचने जैसे कार्यों के लयि अपनी **पहचान सत्यापति करने हेतु फगिरप्रटि अथवा SMS पासकोड का उपयोग** करने की आवश्यकता होती है।
- **चतिा:**
  - वर्ष 2023 में लंबे समय तक तथा नरिंतर होने वाली रुकावटें, आधार सेवाओं की समग्र वशि्वसनीयता पर सवाल उठाती हैं, वशिषेकर वर्ष 2009 में प्लेटफॉर्म के लॉन्च के बाद से उसने 100 बलियिन से अधकि प्रमाणीकरण संसाधति कयि हैं।
- **हाल के आधार प्रमाणीकरण में रुकावट के नहितिार्थ:**
  - **आवश्यक सेवाओं तक पहुँच:** आधार प्रमाणीकरण सरकारी कल्याण कार्यक्रमों, राशन और अन्य अधकिारों सहति**आवश्यक सेवाओं की एक वस्तितृ शृंखला तक पहुँचने के लयि अभनि्न अंग है।** आउटेज़ के परणिामस्वरूप व्यक्ति इन सेवाओं तक समय पर पहुँच से वंचति हो सकते हैं, जसिसे संभावति कठनिाइयों का सामना करना पड़ सकता है।
  - **सरकारी कार्यक्रमों पर प्रभाव:** सरकारी पहल प्रायः सेवा वतिरण को सुव्यवस्थति करना आधार प्रमाणीकरण पर नरि्भर करता है। आउटेज़ इन कार्यक्रमों के सुचारु कार्यान्वयन को बाधति कर सकता है, जसिसे लक्षति लाभार्थी और कल्याणकारी योजनाओं की समग्र प्रभावशीलता प्रभावति हो सकती है।
  - **वति्तीय लेन-देन:** आधार-सक्षम सेवाएँ, जैसे- **एटीएम लेन-देन**, प्रमाणीकरण पर नरि्भर करती हैं। इस व्यवधान के कारण व्यक्तयिों की वति्तीय लेन-देन करने की क्षमता बाधति हो सकती है, जसिसे उनकी दनि-प्रतदिनि की वति्तीय गतविधियिाँ और बैंकगि सेवाओं तक पहुँच प्रभावति हो सकती है।
  - **जनता का भरोसा और वशि्वास:** बार-बार रुकावटें आधार सेवाओं की वशि्वसनीयता के प्रति जनता के वशि्वास को खत्म कर सकती हैं। नागरकि अपने जीवन के वभिनि्न पहलुओं के लयि आधार पर नरि्भर हैं और रुकावट के कारण व्यक्तगित जानकारी को सुरक्षति रूप से प्रबंधति करने तथा **सुचारु सेवा वतिरण की सुवधि प्रदान करने की क्षमता में कमी आ सकती है।**

## आधार क्या है?

- आधार भारत सरकार की ओर से भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण द्वारा जारी की गई **12 अंकों की व्यक्तिगत पहचान संख्या है।** यह नंबर भारत में कहीं भी पहचान और पते के प्रमाण के रूप में कार्य करता है।
- आधार नंबर प्रत्येक व्यक्ति के लिये अद्वितीय है और जीवन भर वैध रहेगा।
- आधार नंबर निवासियों को उचित समय पर बैंकिंग, मोबाइल फोन कनेक्शन और अन्य सरकारी और गैर-सरकारी सेवाओं द्वारा प्रदान की जाने वाली विभिन्न सेवाओं का लाभ उठाने में मदद करेगा।
- **यह जनसांख्यिकीय और बायोमेट्रिक जानकारी के आधार पर व्यक्तियों की पहचान स्थापित करता है।**
- यह एक स्वैच्छिक सेवा है **जिसका लाभ प्रत्येक निवासी वर्तमान दस्तावेज़ के बावजूद उठा सकता है।**

## आगे की राह

- आधार सेवाओं के प्रबंधन में अधिक पारदर्शिता और जवाबदेही की आवश्यकता है।
- पारदर्शिता का जन जागरूकता से गहरा संबंध है। व्यक्तियों को सेवा व्यवधानों के विषय में सूचना प्राप्त करने का अधिकार है, खासकर जब आवश्यक सेवाओं तक उनकी पहुँच प्रभावित होती है। जानकारी की कमी ऐसी चुनौतियों से निपटने और सार्वजनिक भागीदारी को बाधित कर सकती है।
- यह रुकावट आधार का दीर्घकालिक प्रणालीगत लचीलापन सुनिश्चित करने के लिये उसके तकनीकी बुनियादी ढाँचे को मज़बूत करने के महत्त्व पर प्रकाश डालती है। इसमें न केवल तात्कालिक मुद्दों को संबोधित करना शामिल है बल्कि भविष्य में व्यवधानों को रोकने के लिये प्रौद्योगिकी, साइबर सुरक्षा तथा निरंतर निगरानी में सक्रिय रूप से निवेश करना भी शामिल है।

## UPSC सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्ष के प्रश्न

**प्रश्न. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये: (2018)**

1. आधार कार्ड का उपयोग नागरिकता या अधिवास के प्रमाण के रूप में किया जा सकता है।
2. एक बार जारी होने के बाद आधार संख्या को जारीकर्त्ता प्राधिकारी द्वारा समाप्त या छोड़ा नहीं जा सकता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: (d)**

**व्याख्या:**

- आधार प्लेटफॉर्म सेवा प्रदाताओं को निवासियों की पहचान को सुरक्षित और त्वरित तरीके से इलेक्ट्रॉनिक रूप से प्रमाणित करने में मदद करता है, जिससे सेवा वितरण अधिक लागत प्रभावी एवं कुशल हो जाता है। भारत सरकार और UIDAI के अनुसार, आधार नागरिकता का प्रमाण नहीं है।
- हालाँकि UIDAI ने आकस्मिकताओं का एक सेट भी प्रकाशित किया है जो उसके द्वारा जारी आधार की अस्वीकृति के लिये उत्तरदायी है। मिश्रित या विषम बायोमेट्रिक जानकारी वाला आधार निष्क्रिय किया जा सकता है। आधार का लगातार तीन वर्षों तक उपयोग न करने पर भी उसे निष्क्रिय किया जा सकता है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/aadhaar-services-outages